28 जुलाई, 2022

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर प्राइड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदय का सम्बोधन

----

1. आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर हेपेटाइटिस के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए ILBS और प्राइड की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे प्रसन्नता हो रही है।

2. आज हम लोकतंत्र के सर्वोच्च भवन में बैठ कर हेपेटाइटिस पर चर्चा कर रहे हैं । यही अपने आप में एक सकारात्मक संदेश है।

3. यह बीमारी अत्यंत व्यापक है और विश्व के लगभग हर देश में मिलती है। बड़ी संख्या में लोगों की इस बीमारी से मृत्यु भी हो जाती है।

4. हमारे देश में समस्या है कि बड़ी संख्या में लोगों को इस बीमारी के बारे में और इसके उपचार के बारे में जानकारी ही नहीं है।

5. हमें आज सामूहिक संकल्प के साथ इस देश के अंदर हेपेटाइटिस के बारे में जन-जन तक जानकारी और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें लोगों तक सही जानकारी पहुंचानी है कि इस बीमारी का उपचार हो सकता है।

6. हमें जानकारी के साथ साथ हेपेटाइटिस की समुचित चिकित्सा को भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।हमें जनता तक इसका इलाज सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाना है। और यही इस बार के हेपेटाइटिस दिवस का विषय भी है कि हम कैसे प्रभावी तरीके से जनता तक पहुँच सकते हैं।

7. इलाज होने के बावजूद भी जागरूकता केअभाव में लाखों लोगों की इस बीमारी से मृत्यु हो रही है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है।

8. इस समस्या के समाधान के दृष्टिकोण से सरकार ने वर्ष 2019 में नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम को आरंभ किया है जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस का उन्मूलन करना है।

9. हेपेटाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए सबसे आवश्यक है कि इसे एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दिया जाए। जन जागरूकता इस लड़ाई में हमारा सबसे बड़ा अस्त्र है।

10. हमें जनता के स्तर पर, ग्रामीण स्तर पर, पंचायत स्तर पर जाकर लोगों को उनकी अपनी भाषा में बताना पड़ेगा कि हेपेटाइटिस बीमारी की क्या पहचान है और इसके क्या उपचार हैं।

11. संसद सेलेकर ग्राम पंचायत तक की लोकतांत्रिक संस्थाओं को हेपेटाइटिस बीमारी की रोकथाम के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

12. गांव-कस्बे में रहने वाले साधारण आदमी हेपेटाइटिस के बारे में, लीवर को स्वस्थ रखने के महत्व के बारे में जागरूक हो, इसके लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा।

13. इसके लिए हमें आंगनबाड़ी-आशा वर्कर को, पंचायत सदस्यों को, जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में शामिल करना होगा।

14. हमारे टीकाकरण कार्यक्रम में हेपेटाइटिस टीके को भी शामिल किया गया है। इसके बारे में भी जनता के बीच जानकारी का प्रसार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि देश में सभी को हेपेटाइटिस का टीका उपलब्ध हो।

15. मुझे आशा है कि आज संसद भवन से हम सबके सामूहिक प्रयासों से सम्पूर्ण देश में हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता का एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

16. हम सबके सामूहिक प्रयासों से हम जल्द से जल्द इस बीमारी पर नियंत्रण पाने में सफल होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद, बहुत बहुत शुभकामनाएं।